
# Aluminium Stocks: ग्लोबल मार्केट में एल्युमिनियम की कीमतों में लगी आग, 8% तक चमके ये मेटल स्टॉक्स

Authored by: Kumar Surya Updated Mar 5, 2026 13:20 IST

*Aluminium Stocks: ग्लोबल मार्केट में एल्युमिनियम की कीमतें 2022 के बाद सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई हैं। LME पर कीमत करीब 3350 डॉलर प्रति टन तक पहुंचने से भारतीय मेटल शेयरों में तेजी आई। NALCO, Hindalco और Vedanta के शेयरों में मजबूत उछाल दिखा।*

4 Mins Read फॉलो




### हाइलाइट्स

ग्लोबल मार्केट में एल्युमिनियम की कीमतें 2022 के बाद सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई हैं।

LME पर कीमत करीब 3350 डॉलर प्रति टन तक पहुंचने से भारतीय मेटल शेयरों में तेजी आई।

NALCO, Hindalco और Vedanta के शेयरों में मजबूत उछाल दिखा।




Aluminium Stocks: ग्लोबल मार्केट में एल्युमिनियम की कीमतें 2022 के बाद सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई हैं...

Aluminium Stocks : ग्लोबल कमोडिटी मार्केट में एल्युमिनियम की कीमतों में अचानक आई तेजी का असर भारतीय मेटल शेयरों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। गुरुवार के कारोबार में एल्युमिनियम से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में जोरदार खरीदारी देखने को मिली। घरेलू बाजार में निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ने से एल्युमिनियम कंपनियों के स्टॉक्स तेजी

के साथ ट्रेड करते नजर आए।

भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को NALCO का शेयर करीब 8 फीसदी तक चढ़ गया। वहीं, Hindalco में करीब 6.69 फीसदी की तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा Vedanta के शेयर में भी लगभग 5 फीसदी की मजबूती देखने को मिली। मेटल सेक्टर में आई इस तेजी की मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में एल्युमिनियम की कीमतों में बड़ा उछाल माना जा रहा है।

Select ET NOW Swadesh


## लेटेस्ट न्यूज »

14 minutes ago
IT सेक्टर जल्द करेंगे मजबूत कमबैक, नुवामा ने कहा AI ही बनेगा गेमचेंजर




आ


## क्यों भागें एल्युमिनियम स्टॉक्स?


recommended




PURVA PANORAMA
Premium 2 & 3 BHK Residences
Premium 2 & 3 bed residences starting from ₹1.58 cr
LEARN MOI


लंदन मेटल एक्सचेंज (LME) पर एल्युमिनियम की कीमतें तेजी के साथ ऊपर गई हैं। ताजा कारोबार में एल्युमिनियम का भाव करीब 3350 डॉलर प्रति टन के आसपास पहुंच गया है। यह स्तर साल 2022 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर माना जा रहा है। सिर्फ इसी हफ्ते में एल्युमिनियम की कीमतों में लगभग 6 फीसदी की तेजी दर्ज की गई है। वहीं गुरुवार के कारोबार में ही कीमतों में करीब 5 फीसदी का उछाल देखा गया, जो नवंबर 2024 के बाद एक दिन की सबसे बड़ी तेजी मानी जा रही है।







कमोडिटी बाजार के जानकारों का कहना है कि कीमतों में यह उछाल मुख्य रूप से सप्लाई से जुड़ी चिंताओं के कारण आया है। जब भी बाजार को लगता है कि सप्लाई बाधित हो सकती है, तब कीमतों में तेजी आना सामान्य बात होती है।

## सप्लाई में रुकावट से बढ़ी चिंता

एल्युमिनियम की कीमतों में तेजी के पीछे सबसे बड़ा कारण सप्लाई में संभावित बाधा को माना जा रहा है। बाजार में चर्चा है कि अगर प्रमुख शिपिंग रूट पर जहाजों की आवाजाही जल्दी सामान्य नहीं होती है तो सप्लाई चेन पर इसका असर लंबे समय तक रह सकता है। ट्रेडर्स का मानना है कि वैश्विक स्तर पर एल्युमिनियम की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका से कीमतों में तेजी का माहौल बना हुआ है। खास तौर पर मध्य पूर्व से होने वाली सप्लाई पर बाजार की नजर बनी हुई है।


kotak neo
Get access to Research
Daily Stock Tips
Stay Tez with
Kotak Neo

**ये भी पढ़ें:** L&T Share Price: 4 दिन की तेज गिरावट के बाद शेयर में दिखा एक्शन, 2.5% भागा स्टॉक; ब्रोकरेज ने दी BUY की सलाह

## बड़ी कंपनी ने रोकी डिलीवरी

मिडिल ईस्ट की प्रमुख एल्युमिनियम उत्पादक कंपनी Aluminium Bahrain BSC ने कुछ ग्राहकों को एल्युमिनियम की सप्लाई अस्थायी रूप से रोक दी है। कंपनी ने इसे फोर्स मेज्योर की स्थिति बताते हुए डिलीवरी रोकने का फैसला लिया है। बताया जा रहा है कि फारस की खाड़ी से बाहर जाने वाले जहाजों की आवाजाही पर असर पड़ा है। खास तौर पर Strait of Hormuz से होकर गुजरने वाली शिपिंग गतिविधियों में रुकावट आने से एल्युमिनियम की खेप ग्राहकों तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है।

Select ET NOW Swadesh




यह जलमार्ग वैश्विक ऊर्जा और धातु व्यापार के लिहाज से बेहद अहम माना जाता है। ऐसे में यहां किसी भी तरह की बाधा का असर अंतरराष्ट्रीय कमोडिटी बाजार पर जल्दी दिखाई देने लगता है।





**ये भी पढ़ें: Stock Market Rally: गिरते बाजार में अचानक कैसे आई तेजी? 5 कारण जिनसे 400 से ज्यादा अंक भागा Sensex**

## भारतीय मेटल शेयरों में क्यों आई तेजी?

जब इंटरनेशनल मार्केट में किसी धातु की कीमत बढ़ती है तो उससे जुड़ी कंपनियों के शेयरों में भी तेजी देखने को मिलती है। एल्युमिनियम की कीमतों में उछाल से भारतीय कंपनियों के मुनाफे की संभावनाएं बेहतर मानी जाती हैं। इसी वजह से निवेशकों ने मेटल सेक्टर में खरीदारी बढ़ाई और एल्युमिनियम कंपनियों के शेयरों में तेजी देखने को मिली। बाजार की नजर अब इस बात पर रहेगी कि सप्लाई से जुड़ी स्थिति आगे किस दिशा में जाती है और अंतरराष्ट्रीय कीमतों का रुख क्या रहता है।

**Disclaimer: ये आर्टिकल सिर्फ जानकारी के लिए है और इसे किसी भी तरह से इंवेस्टमेंट सलाह के रूप में नहीं माना जाना चाहिए। ET NOW Swadesh अपने पाठकों और दर्शकों को पैसों से जुड़ा कोई भी फैसला लेने से पहले अपने वित्तीय सलाहकारों से सलाह लेने का सुझाव देता है।**




Aluminium Stocks    Nalco Share Price    Hindalco Share Price    Vedanta Share Price    Top 10 Aluminium Stocks

Business News    Markets

*आर्टिकल की समाप्ति*

*पढ़ें बिजनेस न्यूज़, पर्सनल फाइनेंस, अन्य देश से जुड़ी ब्रेकिंग न्यूज़ और पाएं स्टॉक मार्केट के अपडेट हिंदी में और देखें छोटी बड़ी बिजनेस और शेयर बाज़ार से संबंधित सभी न्यूज़ ET Now Swadesh Live TV पर।*

फॉलो करें :